सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम

# मुख्यमंत्री ने सफल छात्र-छात्राओं के दी शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की वर्ष 2023 की कक्षा 10 तथा कक्षा 12 की परीक्षाओं में सफल हुए समस्त विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए कहा कि ज्ञानार्जन के प्रति विद्यार्थियों की संकल्पबद्धता के कारण उन्हें यह सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड की दसवीं एव बारहवीं का रिजल्ड घोषित हो गया। बोर्ड ने इस बार मेरिट लिस्ट जारी नही की। माना जा रहा है कि नई शिक्षा नीति के तहत सीबीएसई ने मेरिट लिस्ट और टापर्स की लिस्ट नही जारी की ताकि छात्र-छात्राओं में अनावश्यक तनाव न आ सके। स्कूलों `स प्राप्त रिजल्ट के अनुसार छात्र अपने मेरिट जान सके। प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के तमाम जिलों के मेधावियों ने बेहतरीन अंक हासिल कर बोर्ड परीक्षा में कीर्तिमान बनाया है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम आते ही स्कूलों के साथ-साथ उन घरों में भी खुशी का माहौल दिखा जहां के बच्चे इस बार सीबीएसई की दसवीं व बारहवी की परीक्षा देकर परिणाम का इंतजार कर रहे थे।



### लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट के मेधावियों बढ़ाया मान

लखनऊ। सीबीएसई कक्षा-10 व कक्षा-12 के परीक्षा में लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं अपनी योग्यता का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। संयुक्त निदेशक/प्रधानाचार्य ने बाताया प्रथम श्रेणी और उससे ऊपर के अंकों को प्राप्त करने मे सफ्ल रहे तथा 100 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए और उन्होने अभूतपूर्व सफ्लता हासिल की है। उल्लेखनीय परिणाम छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और कठोरता को समान रूप से मान्य करते हैं जो कॉलेजिएटके आदर्श वाक्य मे विश्वास करते हैं। कॉलेजिएट परिवार

### इंजीनियर बनेंगी अनन्या



**लखनऊ।** रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल सेक्टर-14 की छात्रा अनन्या सिंह ने सीबीएसई बोर्ड 2023 की हाईस्कूल की परीक्षा में 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। अनन्या ने बताया कि वह आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती हैं। उनका सपना है इंजीनियर बनने का। उनके पिता अनिल सिंह एक दैनिक अखबार में कार्यरत है और उनकी माता रीमा सिंह गृहणी है।

### अच्युत बनना चाहता है वैज्ञानिक



**लखनऊ।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं की परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। जिसमें अल्फा पब्लिक स्कूल कबीरपुर लखनऊ के दसवीं के छात्र अच्युत श्रीवास्तव ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन किया। अच्युत श्रीवास्तव ने अपन सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व माता रूचि श्रीवास्तव व पिता प्रभात कुमार श्रीवास्तव को दिया। अच्युत ने बताया कि भविष्य में वैज्ञानिक बनना चाहते हैं, और इसरो जैसे बड़े संस्थान में काम करके देश की सेवा करना चाहते हैं।

### प्रथम ने बढ़ाया स्कूल का मान



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रानी** लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल, चिनहट के छात्र प्रथम श्रीवास्तव ने इंटरमीडिएट सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 82 प्रतिशत अंक लाकर अपने स्कूल और परिवार का मान बढ़ाया। प्रथम ने तीन विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। सांइस साइड (पीसीएम) से इंटर करने वाले प्रथम श्रीवास्तव की इच्छा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में बीटेक और एमटेक करके आईटी इंडस्ट्री में अपना कॅरियर बनाने की है।

## शतप्रतिशत रहा सिटी इण्टरनेशनल स्कूल का परीक्षाफल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**सिटी** इण्टरनेशनल स्कूल (सीआईएस), इन्दिरा नगर के मेधावी छात्रों ने विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सीबीएसई कक्षा-10 व कक्षा-12 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार परीक्षाफल देकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सीबीएसई कक्षा-12 के परीक्षा परिणाम में सिटी इण्टरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शतप्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त किया है जबकि विद्यालय के लगभग 20 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। कक्षा-12 में सीआईएस छात्र दिव्याशं चतुर्वेदी ने 96.6 प्रतिशत, कनिष्का शुक्ला ने 94.6 प्रतिशत एवं अनन्या प्रकाश ने 94.6 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। इसी प्रकार, कक्षा-10 की बोर्ड परीक्षा में भी सीआईएस छात्रों ने शतप्रतिशत सफलता अर्जित की है जबकि 33 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किये हैं। कक्षा-10 की बोर्ड परीक्षा में सीआईएस छात्रा समृद्धि मिश्रा ने 96.6 प्रतिशत, नव्या भारद्वाज ने 96.4 प्रतिशत एवं सार्थक वर्मा ने 95. 4 प्रतिशत अर्जित कर टॉप किया है एवं अपने शिक्षकों व माता-`उचयपिता का गौरव बढ़ाया है। इस अभूतपूर्व परीक्षा परिणाम पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सिटी इण्टरनेशनल स्कूल की निदेशिका डा. सुनीता गाँधी ने विद्यालय के शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सीआईएस की संस्थापिका डा. भारती गाँधी ने छात्रों की सफ्लता पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सिटी इण्टरनेशनल स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित किया है।

## सेंट्रल अकडेमी इंदिरानगर के छात्र-छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन

कक्षा 12 में छात्रा अक्षिता शुक्ला 96.2 प्रतिशत, स्वेच्छा सिंह 96 प्रतिशत, मुस्कान नूर ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल किए

- कक्षा 10 की छात्रा तृषा चौधरी ने 96.2 प्रतशत, करन बाबानी ने 96 प्रतिशत, प्रज्ञा ने 95.47 प्रतिशत अर्जित किए



**लखनऊ।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10 एवं 12 का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित हुआ जिसमे सेंट्रल अकडेमी इंदिरानगर लखनऊ के मेधावी छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अपना वर्चस्व स्थापित किया। विद्यार्थियों ने अपने अथक परिश्रम से प्राप्त अपने परिणामों से विद्यालय को गौरवांवित किया। कक्षा 12 में विज्ञान संकाय की छात्रा अक्षिता शुक्ला ने 96.2 प्रतशित प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया एमानविकी संकाय की छात्रा स्वेच्छा सिंह ने 96 प्रतिशत और वाणिज्य संकाय की छात्रा मुस्कान नूर ने 95.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपना परचम लहरा कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। परीक्षा में सम्मिलित अधिकांश विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवांवित किया। साथ ही कक्षा 10 की छात्रा तृषा चौधरी ने 96.2 प्रतशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, करन बाबानी ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और प्रज्ञा ने 95.47 प्रतिशत अर्जित कर तृतीया स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में सम्मिलित विद्यार्थियों में से अधिकांश विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। सभी छात्र अपनी इस उपलब्धि से उत्साहित हैं। इस अवसर पर विद्यालय के उत्तर प्रदेश प्रान्त के निदेशक हरीश पांडेय एवं उप प्रधानाचार्य डी पी सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता और श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेंट्रल अकडेमी स्कूल का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही उन्हें उज्जवल भविष्य की ओर भेजना है।

## शकुंतला मिश्रा विवि के अध्यापकों की बर्खास्तगी का आदेश निरस्त

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**डॉ.** शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालयए लखनऊ के पांच अध्यापकों को बर्खास्त करने के आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने निरस्त कर दिया है। पीठ ने बर्खास्तगी के आदेश को न सिर्फ अवैध बल्कि मनमाना भी करार दिया हैं। पीठ ने इसके साथ ही अध्यापकों को बर्खास्तगी आदेश की तिथि से बैक वेजेज समेत सभी वेतन.भत्ते बहाल करने का आदेश भी विश्वविद्यालय को दिया है। जस्टिस आलोक माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश डॉ. राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तवए विपण कुमार पांडेयए मृत्युंजय मिश्रा, डॉ. आद्या शक्ति राय व अवनीश चंद्र मिश्रा की ओर से दाखिल अलग.अलग याचिक पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। इन अध्यापकों की ओर से छह जुलाईए 2022 को पारित बर्खास्तगी आदेश को चुनौती दी गई थी। विश्वविद्यालय की ओर से वरिष्ठ वकील सुदीप सेठ का कहना था कि वर्ष 2014 में तत्कालीन कुलपति के कार्यकाल में इन अध्यापकों की नियुक्ति में भारी अनियमितता बरती गई। जिसकी पर्याप्त जांच के पश्चात बर्खास्तगी आदेश पारित किए गए हैं। जबकि बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देते हुए याचिककर्ताओं की ओर से वकील एलपी मिश्रा व गौरव मेहरोत्रा आदि की दलील थी कि इन्हें न तो आरोप पत्र दिए गए और न ही जवाब का कोई मौका दिया गया। एकल पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के पश्चात पारित अपने निर्णय में कहा है कि याचिकाकर्ता छह. सात साल से सेवा में हैं। इनकी शैक्षिक योग्यता में कोई कमी नहीं थी और नियुक्ति करने वाली चयन समिति पर भी दुर्भावना का कोई आरोप नहीं है। लिहाजा नियुक्ति के दौरान मात्र कुछ अनियमितताओं के आधार पर उनकी न तो सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं और न ही उन्हें बर्खास्त किया जा सकता है। पीठ ने इन टिप्पणियों के साथ याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है।

## एलडीए ने अवैध कॉम्पलेक्स, गोडाउन को किया सील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहीद** पथ पर लुलु मॉल के सामने अवैध काम्पलेक्स, गो डाउन को एलडीए द्वारा सीलिंग कार्रेवाई की गयी। यहां 25 सौ वर्ग फिट क्षेत्र में अवैध निर्माण किया जा रहा था। विहित प्राधिकारी द्वारा निर्माणों पर वाद दर्ज किया गया, जहां साक्ष्य प्रस्तुत न करने पर कार्रवाई के आदेश दिए गए। प्रवर्तन जोन दो की टीम द्वारा सुल्तानपुर रोड पर 4 हजार वर्गफिट सहित अन्य इलाके में अवैध निर्माण को सील किया गया।

शुक्रवार को एलडीए के प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने एक निर्माणाधीन अवैध कॉम्पलेक्स, गो.डाउन और 6 रो.हाउस भवनों को सील किया। प्रवर्तन जोन.2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अजय अग्रवाल व अन्य द्वारा शहीद पथ पर लुलु मॉल के सामने गोकुल धाम में लगभग 2500 वर्गफि ट क्षेत्रफ्ल में टीन.शेड का स्ट्रक्चर बनाकर गो.डाउन संचालित किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त संदीप कुमार, वसीम व अन्य द्वारा सुल्तानपुर रोड पर खुर्दही पेट्रोल पम्प के सामने माढ़रमऊ में लगभग 4000 वर्गफि ट क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर 4 रो.हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मोहम्मद शकील व अन्य द्वारा बिजनौर थानाक्षेत्र के अंतर्गत औरंगाबाद जागीर, रॉयल सिटी पार्ट.2 में लगभग 2000 वर्गफ्टि क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर 2 रो.हाउस भवनों के निर्माण के लिए आरसीसी कॉलम व चिनाई का कार्य कराया जा रहा था। इन तीनों प्रकरण में विपक्षियों द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके अलावा ब्लू हार्स बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के रमेश कुमार मिश्रा व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी स्थित भूखण्ड संख्या.सीपी22, 1.बी, बी.3 पर लगभग 1807 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सेटबैक को आच्छादित करते हुए लोअर फ्लोर, अपर फ्लोर व प्रथम तल का निर्माण पूर्व में कराया गया था। वर्तमान में बिल्डर द्वारा द्वितीय तल के निर्माण के लिए सरिया लगाने का कार्य कराया जा रहा था। जोनल अधिकारी ने बताया कि इन चारों मामलों में विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। सहायक अभियंता वाईपी सिंह, अवर अभियंता उस्मान अली व नागेन्द्र मिश्रा द्वारा प्राधिकरण पुलिस ने स्थलों को सील कर दिया।

## फर्जी शवदाह पर्ची बनाने वाला गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**दम्पति** का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट तैयार कराकर उनकी जमीन बेंचने की कोशिश में जालसाजों के सहयोगी रहे उन्नाव जिले में गंगाघाट पर फर्जी शवदाह पर्ची बनाने वाले शख्स को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

लखनऊ की एलडीए कालोनी निवासी निखिल शर्मा और उनकी पत्नी कान्ती शर्मा का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट तैयार कराकर कुछ जालसाज मोहनलालगंज स्थित उनकी जमीन बेंचने की कोशिश कर रहे थे। फर्जी व्यक्ति को दम्पति का बेटा बनाकर जालसाजों ने जमीन का सौदा भी तय कर दिया। इसी बीच खरीदार पक्ष के लोग निखिल शर्मा का पता लगाकर जानकारी लेने पहुंच गए। जाली डेथ सर्टिफिकेट देखकर शर्मा दम्पति के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होने फौरन मामले की जानकारी मोहनलालगंज पुलिस को देकर एफआईआर दर्ज कराई। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया जाली डेथ सर्टिफिकेट की जांच के दौरान पुलिस टीम को उन्नाव जिले में गंगाघाट की फर्जी शवदाह पर्ची हाथ लगी। जिसे लेकर गहनता से जांच के बाद पुलिस टीम ने उन्नाव जिले के बक्सर निवासी लालता प्रसाद द्विवेदी को फर्जीवाड़े के आरोप में गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। जबकि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

## सिचाई विभाग, एलडीए व सरकार को नोटिस जारी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सुशांत** गोल्फ सिटी स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल के पक्के निर्माण को गिराने के आदेश पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में पुनर्विचार अर्जी दाखिल की गई है। पीठ ने सीएमएस की इस अर्जी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए सिंचाई विभाग, एलडीए व राज्य सरकार को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के पहले हफ्ते में होगी।

जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने यह आदेश सिटी मांटेसरी स्कूल की ओर से इसके संस्थापक प्रबंधक जगदीश गांधी की अर्जी पर दिया है। इस प्रार्थना पत्र में 10 अप्रैल 2023 के उस आदेश पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है जिसमें शारदा कैनाल डिवीजन-2 के अधिशाषी अभियंता द्वारा पारित इस स्कूल की बिल्डिंग को ढहाने के आदेश में अदालत ने हस्तक्षेप से इंकार कर दिया था। गौरतलब है कि अहिमामऊ माइनर से लगी हुई सिंचाई विभाग की खसरा नण् 150 की 1.313 हेक्टेयर जमीन अंसल ग्रुप को देने की बात कही गई है।

हालांकि सुनवाई के दौरान सीएमएस की ओर से जमीन स्थानांतरित करने सम्बंधी कोई दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका। दलील दी गई कि सीएमएस ने 1381.95 वर्ग मीटर जमीन अंसल ग्रुप की सिस्टर कंपनी सुशील अंसल फाउंडेशन से एग्रीमेंट टू सेल के जरिए प्राप्त की थी। पिछले माह हाईकोर्ट की एकल पीठ ने इसी मामले से सम्बंधित एक अन्य याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की थी कि सिंचाई विभाग की उक्त जमीन पर एलडीए सिंचाई विभाग व सरकार में बैठे उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से पहले अवैध कब्जा कराया गया और फिर उस पर एक स्कूल की भव्य इमारत खड़ी कर दी गई। एकल पीठ ने इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया था।

निकाय चुनाव मतगणना

# रमाबाई स्थल पर प्रातः 8 बजे से शुरू होगी काउंटिंग

- एक समय में केवल प्रत्याशी या उसका इलेक्शन अभिकर्ता ही मतगणना कक्ष में रहे सकेंगे उपस्थित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**रमाबाई** मतगणना स्थल पर जिलाधिकारी द्वारा सुबह छह बजे काउंटिंग पार्टियों को पहुंचने का निर्देश दिया गया है। मतों की गणना कार्य 8 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा मोबाइल अंदर ले जाने पर प्रतिबंधित किया गया है।बिना पास के किसी भी व्यक्ति व अभिकर्ता को मतगणना स्थल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। वहीं, सोशल मीडिया पर अफ्वाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने मतगणना पर अधिकारियों को सुबह 6 बजे सभी काउंटिंग पार्टिया रमाबाई स्थल पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ हो जाएगी। कोई भी मतगणना अभिकर्ता या मतगणना कर्मी मोबाईल या कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस को अपने साथ अंदर नही ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि टेबल पर कैलकुलेटर की व्यवस्था की गई है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सर्वप्रथम प्रत्याशी अपने मतगणना अभिकर्ताओ की नियुक्ति फार्म को भर कर करेंगे। मतगणना अभिकर्ता अपने पास के अनुसार निर्धारित ज़ोन एवं टेबल के आवंटन के आधार पर स्थान ग्रहण करेगे। जो अभिकर्ता जिस टेबल पर होगा उसको अपनी टेबल छोड़ कर दूसरे की टेबल या इधर उधर टहलने की अनुमति नहीं होगी। बिना पास के किसी भी व्यक्ति व अभिकर्ता को मतगणना स्थल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। प्रत्याशी और उनके इलेक्शन अभिकर्ता ही अपने वार्ड की दूसरी टेबलों पर जा सकते है। लेकिन एक समय में केवल प्रत्याशी या उसका इलेक्शन अभिकर्ता ही मतगणना कक्ष में उपस्थित रह सकेगा।

अपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों को मतगणना अभिकर्ता नहीं बनाया जा सकता है। किसी बीमार या शुगर व ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता न बनाए। साथ ही किसी एमएलए, एमएलसी, मेयर, ज़िला पंचायत अध्यक्ष आदि गणमान्य व्यक्तियों या सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता नियुक्त नहीं किया जा सकता है और न ही उनको मतगणना स्थल के अंदर प्रवेश की अनुमति होगी। सोशल मीडिया पर अफ्वाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मतगणना के परिणाम के संबंध में समस्त सूचनाएं जिला प्रशासन के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही रमाबाई स्थल के गेट नंबर 2 के अंदर मीडिया सेंटर की स्थापना कराई गई है। जहां पर सभी पत्रकार बंधुओं को मतगणना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मतगणना स्थल की 200 मीटर की परिधि में किसी वाहन के आने की अनुमति नही होगी। सभी वाहन पार्किंग के स्थान पर ही पार्क किये जाएंगे। मतगणना परिसर पूर्णतया धूम्रपान निषेध परिसर होगा। परिसर में पान मसाला, सिगरेट, बीड़ी, गुटका आदि प्रतिबंध है। साथ ही कोई भी धारदार या ज्वलनशील पदार्थ परिसर में प्रतिबंधित है।

# परियोजनाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं: जितिन

● लोक निर्माण मंत्री ने की विभागीय समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जितिन प्रसाद ने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परियोजनाओं की गुणवत्ता एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्माणाधीन परियोजनाओं में उपयोग में लाई जा रही स्टील एवं अन्य सामग्रियों की अधिकृत लैब से नियमित जांच कराई जाए। किसी प्रकार की कमी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बैठक में लोक निर्माण मंत्री ने लोक निर्माण विभागध्उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम तथा उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा अपने प्रोजेक्ट में किन कम्पनियों के स्टील का उपयोग तथा इन स्टील कंपनियों के चयन की पॉलिसी के बारे में जानकारी ली। लोक निर्माण मंत्री ने पीडब्ल्यूडी, निर्माण निगम तथा सेतु निगम में उपयोग में लाई जा रही स्टील की कंपनी के चयन के लिए जल्द से जल्द यूनिफॉर्म पॉलिसी बनाए जाने का निर्देश भी दिया।

लोक निर्माण मंत्री ने विटुमिन के उपयोग के संबंध में निर्देश दिया कि सीआरएमबी का सड़क के ऊपरी सतह में प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएए जिससे पर्यावरण की सुरक्षा के साथ–साथ मार्गों की गुणवत्ता तथा राइडिंग क्वालिटी उत्कृष्ट स्तर की हो सके। प्रसाद ने इसके साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट के समयबद्ध उपयोग के संबंध में भी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग किए जाने का भी निर्देश दिया। बैठक में राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग प्रभुनाथ, प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग संदीप कुमार, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन अरविंद कुमार जैन, प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क वी. के श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता संजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता सेतु अशोक अग्रवाल, एमडी यूपीआरएनएन योगेश पवार, मुख्य अभियंता अशोक कन्नौजिया, मुख्य अभियंता जितेन्द्र कुमार बाँगा एमडी सेतु निगम राकेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पर्यटन विभाग के 'लोगो' की डिजाइन व टैग लाइन निर्माण के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित

**लखनऊ।** प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लोगो डिजाइन और टैग लाइन निर्माण के लिए आम जनमानस से प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गयी हैं। लोगो डिजाइन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रविष्टि को 01 लाख रूपये का पुरस्कार तथा टैग लाइन में प्रथम स्थान पाने वाली प्रविष्टि को 50 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा। इच्छुक प्रतिभागी आगामी 20 मई तक अपनी प्रविष्टियाँ पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर भेज सकते हैं। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग के लोगो तथा टैग लाइन को सहजए सरल तथा प्रभावी बनाये जाने के लिए कदम उठाये गये हैं। इस दिशा में लोगो डिजाइन तथा टैग लाइन निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया है। डिजाइनर और लेखक अपनी प्रविष्टियाँ निर्धारित तिथि तक अवलोकन हेतु पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर भेज सकते हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर उत्तराखण्ड के उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने की मुलाकात

## टेंडर कराकर नाले की सफाई युद्ध स्तर पर कराने के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंडलायुक्त** डॉ रोशन जैकब ने नालों और शहर की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेने फील्ड पर निकली। जनेश्वर मिश्र पार्क के सामने नाले की सफाई की गुणवत्ता का जायजा लिया। अधिकारियों को शरह के शेष नालों की सफाई युद्ध स्तर पर कराने के निर्देश दिए गए। इसके लिए जरूरी टेंडर जल्दी से कराने के आदेश दिए गए।

शुक्रवार को मंडलायुक्त रौशन जैकब ने जनेश्वर मिश्र पार्क के सामने पहुंचकर हो रहे नालों की सफाई की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जो भी शेष नालों की सफाई के लिए अभी टेंडर नहीं हुआ है उसका तत्काल टेंडर कराते हुएए नालों की सफाई युद्ध स्तर पर कराया जाए। मेन पावर बढ़ोतरी और उपकरण की उपलब्धता में वृद्धि की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि लोहिया पार्क के अंदर बह रहे नाले का बायो.रेमीडेएशन और साफ सफाई भी करा लें। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जानकीपुरम, फैजुल्लागंज में वाटर लॉगिंग को जरूरत के अनुसार पंपिंग क्षमता वृद्धि और उपकरण मशीनरी की खरीद ससमय करा लें। जिससे समय रहते हुए वाटर लॉगिंग की समस्या से निजात दिलाया जा सके। मंडलायुक्त ने जानकीपुरम पंपिंग स्टेशन की क्षमता वृद्धि के चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि समस्त कार्य युद्ध स्तर पर कराते हुए एपंपिंग स्टेशन का कार्य ससमय पूर्ण करा लिया जाए। इसके के पश्चात मंडलायुक्त ने छइयापुरवा जानकीपुरम में हो रहे रोड स्वीपिंग व नाले की सफाई का कार्य का भी जायजा लिया। रोड स्वीपिंग कर रही महिला कर्मी से संवाद किया और जानकारी प्राप्त किया कि आपको नगर निगम द्वारा सूट एवं ड्रैस उपलब्ध कराया गया है, संबंधित ने बताया कि ड्रेस मिला है।

## भाजपा का वार रूम रखेगा निकाय चुनाव की मतगणना पर नजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** निकाय चुनाव की शनिवार को होने वाली मतगणना के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने विशेष प्रबंध किए हैं। पार्टी ने इसके लिए एक वार रूम बनाया है जो मतगणना के एक–एक पल पर नजर रखेगा। इसके साथ ही प्रदेश में पार्टी के बड़े नेताओं को शनिवार को लखनऊ में ही रहने की हिदायत दी गई है।

नगर निगम चुनाव का परिणाम शनिवार को आएगा। सुबह 8 बजे से मतों की गणना शुरू हो जाएगी। भारतीय जनता पार्टी का अनुमान है कि इस बार सभी 17 17 नगर निगमों पर पार्टी जीत हासिल कर सकती है। 13 मई को नगर निकाय चुनाव की काउंटिंग होनी है। जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विशेष इंतजाम किए हैं। प्रवक्ताओं की ड्यूटी सुबह 6 बजे से ही शुरू हो जाएगी। माना जा रहा है कि जीत की दशा में दोपहर होते–होते भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगना शुरू हो जाएगा और जमकर जश्न मनाया जाएगा। देश की दृष्टि से भले ही कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम महत्वपूर्ण हैं मगर उत्तर प्रदेश की सियासत में रुचि रखने वालों के लिए शनिवार को नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण होंगे। प्रदेश के 17 नगर निगमों के अलावा करीब 900 नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के लिए यह चुनाव हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए मतदान हुआ है। वही नगर पंचायत और नगर पालिकाओं में मतदान मतपत्र से कराया गया है। जिसके लिए काउंटिंग शनिवार को शुरू होगी। लखनऊ में नगर निगम की काउंटिंग रमाबाई रैली स्थल में जबकि नगर पंचायतों और नगर पालिका क्षेत्र की काउंटिंग तहसीलों में की जाएगी। लखनऊ नगर निगम क्षेत्र में करीब 31 लाख वोटर हैं। पूरे उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो वोटरों की संख्या करीब 3.50 करोड़ है। भारतीय जनता पार्टी का दावा है कि इस चुनाव में वह बड़ी भारी जीत दर्ज करने जा रही है। सभी 17 महापौर पद पर और बाकी करीब 80 फीसदी नगर पालिका और नगर पंचायतों में वह जीत का दावा कर रही है। इसीलिए मतगणना के परिणाम के संबंध में प्रदेश कार्यालय पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पार्टी के वार रूम द्वारा अपने नेटवर्क के जरिए परिणामों पर सुबह से ही नजर रखी जाएगी, जिसको समय–समय पर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जारी भी किया जाएगा।

प्रदेश कार्यालय से पूरे प्रदेश में मतगणना संबंधी दिक्कतों की जानकारी भी प्रसारित की जाएगी ताकि जहां भी परेशानी हो प्रशासन के साथ मिलकर उसको दूर किया जा सके। मीडिया तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए सुबह 6 बजे से ही भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रवक्ताओं की ड्यूटी लगा दी गई है। अलग–अलग मीडिया चैनलों पर रहकर यह लोग पार्टी का पक्ष रखेंगे। इसके अलावा कुछ प्रवक्ता भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर भी मौजूद रहेंगे, ताकि मुख्यालय पर आने वाले मीडिया कर्मियों को सही जानकारी दी जा सके।

## विधान परिषद के उप निर्वाचन के लिए अधिकारी नामित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सचिव निर्वाचन एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचित उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 02 सदस्यों की रिक्तियों को भरने के लिए 02 अलग–अलग उपनिर्वाचन कराये जाने हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन की अधिसूचना 11 मई 2023 को जारी कर दी गयी है। उप निर्वाचन का मतदान 29 मई 2023 को सम्पन्न कराया जायेगा। शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचनों के संचालन के लिए व्यवस्था किये जाते समय कोविड.19 की रोकथाम सम्बन्धित वर्तमान निर्देशों को संकलित कर कार्यान्वित किये जाने हेतु राज्य के एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करने के निर्देश के क्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उक्त निर्वाचन हेतु विशेष सचिव विधान सभा मोहम्मद मुशाहिद को विधान परिषद उप निर्वाचन 2023 हेतु रिटर्निंग ऑफिसर अधिसूचित किया है।

## उचित दर विक्रेताओं को अनुमन्य लाभांश का भुगतान शीघ्र कराएं: सतीश चन्द्र शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खाद्य** एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में खाद्य एवं रसद विभागए के आपूर्ति एवं विपणन शाखा के कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में राज्य मंत्री ने उचित दर विक्रेताओं को उन्हें अनुमन्य लाभांश का भुगतान शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में खाद्यायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि विक्रेताओं के लाभांश का भुगतान ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से कराए जाने हेतु सम्पूर्ण आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा चुकी हैं। इसी क्रम में अपर आयुक्त ;आपूर्तिद्ध द्वारा अवगत कराया गया कि उचित दर विक्रेताओं को उन्हें देय लाभांश का त्वरित भुगतान किये जाने हेतु एनआईसी द्वारा भुगतान का ऑनलाइन मॉड्यूल तैयार कर लिया गया हैए जिस पर कार्यवाही प्रगतिमान है। राज्यमंत्री द्वारा यह भुगतान अविलम्ब उचित दर विक्रेताओं को किये जाने के निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त आपूर्ति द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश की समस्त उचित दर दुकानों में सिस्टम इन्टीग्रेटर संस्थाओं के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक कॉटें से लिंक ई.पॉस मशीनों की आपूर्ति एवं संचालन हेतु प्रस्ताव पर शासन स्तर से अनुमोदन प्राप्त किया जा चुका है। ऑनलाइन व्यवस्था से लाभार्थियों को उन्हें अनुमन्य खाद्यान्न की सम्पूर्ण मात्रा प्राप्त हो सकेगी। शर्मा ने जनपदों में तैनात जिला पूर्ति अधिकारियों, जिला खाद्य विपणन अधिकारियों की ग्रेडवार सूची बनाये जाने, उचित दर विक्रेताओं की आर्थिक व्यवहार्यता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से उन्हें सीएससी के रूप में विकसित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपदों में भ्रमण के दौरान अधिकारियों द्वारा उचित दर दुकानों की जॉच के साथ–साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत आच्छादन से छूटे हुये पात्र लोगों के चिन्हीकरण का कार्य सुनिश्चित किया जाए।

## सीएमएस छात्रा चयनित



**लखनऊ।** सिटी मान्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) की मेधावी छात्रा महविशा सिद्दीकी ने उच्चशिक्षा हेतु इंग्लैण्ड के सात प्रतिश्ठित विश्वविद्यालयों में चयनित होकर लखनऊ का गौरव ब–सजय़ाया है। महविश को इंग्लैण्ड की यूनिवर्सिटी ऑफब्रैडफोर्ड, नार्थम्ब्रिया यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफमैनचेस्टर, यूनिवर्सिटी ऑफ हर्टफोर्ड, यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, यूनिवर्सिटी ऑफ सैलफोर्ड एवं यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ द्वारा उच्चशिक्षा का आमन्त्रण दिया गया है। सीएमएस. की इस मेधावी छात्रा ने अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीयर गाँधी ने महशि के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने है।

## लूलू फैशन वीक 2023 का रहा शानदार आगाज



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लूलू** मॉल ने अपने विभिन्न फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट कलेक्शन के प्रदर्शन के लिए लूलू फैशन वीक का आयोजन किया है जो आज शुक्रवार से शुरू होकर 14 मई तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दिनेश शर्मा ने किया। उन्होंने लूलू मॉल के इस आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि लूलू मॉल स्पेशल चिल्ड्रन का भी जो फैशन शो आयोजित कर रहा है ये एक बहुत सराहनीय कदम है। उन्होंने लूलू मॉल के प्रशासन और अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि लूलू जैसी प्रतिष्ठित कंपनिया इस तरह के कदम उठा रही हैं। लूलू मॉल के रीजनल डायरेक्टर जयकुमार गंगाधरन ने मीडिया और अन्य सभी संबंधित व्यक्तियों को धन्यवाद करते हुए कहा कि इसी समर्थन के चलते लूलू मॉल आगे भी इस तरह की इवेंट्स करता रहेगा। इस अवसर पर पीटर इंग्लैंड, रियो, आइडेंटिटी, ब्लैकबेरी, इंडियन टेरेन आदि प्रसिद्ध ब्रांडों ने अपने कलेक्शन विभिन्न मॉडलों के माध्यम से पेश किए। इस अवसर पर लूलू मॉल के रीजनल डायरेक्टर जयकुमार गंगाधरन के साथ साथ बीजू सुगथन, नोमान खान, सेब्टेन हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा सत्ता के बल पर चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की साजिश कर रही: नरेश उत्तम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के चुनावों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश के मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को भारी मतदान किया। अपनी करारी हार से बौखलाई भाजपा अब सत्ता बल से चुनाव परिणामों को प्रभावित कर जनादेश को बदलने की कुत्सित साजिश कर रही है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शुक्रवार को समाजवादी विधायक दल के मुख्य सचेतक डॉ. मनोज पांडेय के साथ पत्रकार वार्ता में ये आरोप लगाए। पटेल ने कहा कि प्रदेश में हुए नगर निकाय के चुनाव देश का सबसे बड़ा निकाय चुनाव है। इन चुनावों में भाजपा सरकार के खिलाफ व्यापक माहौल रहा। भाजपा के तमाम मंत्री, नेताओं ने भ्रामक प्रचार किया। मतगणना में भारतीय जनता पार्टी ने सेटिंग करके यह दिखाने की कोशिश की है कि ऐसा लगे कि शहरी निकायों में लोग समाजवादी पार्टी को पसंद नहीं कर रहे हैं। भाजपा ने जनता से छल किया। पहले चरण में भाजपा के पिछड़ने के बाद दूसरे चरण में मुख्यमंत्री द्वारा मतदान प्रभावित करने के लिए ही मतदान प्रतिशत कम कराने की रणनीति पर काम किया गया। मनोज पाण्डेय ने कहा कि निकाय चुनाव नियमावली में चक्रवार गणना में हर राउण्ड में प्रत्याशियों को मिले वैध, अवैध तथा कुल मतों का ब्यौरा ब्लैक बोर्ड में लिखने के साथ तत्काल घोषित करने और ऑनलाइन फीडिंग के साथ ध्वनि विस्तारक से 2–2 घंटे के अंतराल पर गणना का परिणाम बताने का भी प्रावधान है लेकिन 15 अप्रैल 2023 को नया संशोधन जारी कर कहा गया है कि अब प्रत्याशियों को मिले मतों की टेबलिंग करके परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## कृषि में उद्यमिता के अवसर विषय पर सेमिनार आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नवयुग** कन्या महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में जी20 के अंतर्गत विषय ' कृषि में उद्यमिता के अवसर' पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ अतिथि सत्कार एवम मां शारदे के प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ दया शंकर श्रीवास्तव वरिष्ट वैज्ञानिक एवम् अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र सीतापुर उत्तर प्रदेश रहे। सेमिनार में कृषि उद्यमिता के विभिन्न आयामों जैसे मशरूम कल्चर, लाक कल्चर, मधुमक्खी पालनए मत्स्य पालन आदि पर चर्चा की। जिसे बच्चों ने पूर्ण मनोयोग के साथ सुना और बेस्ट फ्रॉम वेस्ट कैसे बना सकते हैं और जॉब सीकर की जगह जॉब क्रिएटर कैसे बने ये भी सीखा। कार्यक्रम का सफल संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ सरोज रानी, भावना एडिसन और अलका सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्रो रिचा शुक्ला, डॉ ममता वर्मा, डॉ सुनीता सिंह, डॉ नेहा अग्रवाल, डॉ चंदन मौर्या और डॉ छितिज शुक्ला उपस्थित रहीं।

## राज्य सेतु निगम व उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश राज्य सेतु निगम मुख्यालय पर शुक्रवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल व राज्य सेतु निगम के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित हुए। इस दौरान उत्तर रेलवे एवं सेतु निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की बीच बैठक भी आयोजित हुई। इस दौरान उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अन्तर्गत विभिन्न सम्पारों पर निर्माणाधीन, नवस्वीकृत रेल उपरिगामी सेतुओं के रेलवे पोर्षन का निर्माण कार्य यूपी राज्य सेतु निगम लि. द्वारा सिंगल एंटिटी 1/4एकल इकाई1/2 पर कराने के लिए एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

उक्त एमओयू हस्ताक्षरित होने से जनपद अयोध्या, प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ तथा मिशन रफ्तार योजना के अन्तर्गत आने वाले सम्पार प्रथम चरण में चिन्हित किये गये हैं। उक्त सम्पारों पर रेलवे पोर्षन की लागत लगभग 500 करोड़ रुपए है। उक्त धनराषि रेलवे विभाग द्वारा राज्य सरकार को दी जायेगी। उक्त एमओयू पर उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिषक्ति एवं सेतु निगम की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक 1/4 वाणिज्य 1/2 द्वारा हस्ताक्षर किये गये है। हस्ताक्षर के दौरान एस. के सप्रा, मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल, राकेश सिंह प्रबन्ध निदेशक, एसएम गर्ग संयुक्त प्रबन्ध निदेशक 1/4 यॉंत्रिक 1/2, एवं संदीप गुप्ता जीएम राज्य सेतु निगम लि. एव दोनों विभागों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त एमओयू से रेल उपरिगामी सेतुओं के निर्माण त्वरित गति से पूर्ण होंगे एवं जनता हेतु जनोपयोगी होंगे। इस एमओयू से जहाँ प्रदेश सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुसार अयोध्या के 07 रेल उपरिगामी सेतु का समयबद्ध निर्माण सम्भव हो सकेगा वहीं आगामी वर्ष में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ के समय आयोजन हेतु तीर्थ यात्रियों के सुविधा हेतु सुलभ आवागमन उपलब्ध हो जायेगा। साथ ही साथ लखनऊ से कानपुर के मध्य कतिपय रेल सम्पारों पर उपरिगामी सेतुओं के निर्माण से मिशन रफ्तार के अन्तर्गत 160 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से रेलगाड़ियों कक आवागमन का मार्ग प्रशस्त होगा।

## इलेक्ट्रानिक व कीमती सामन चोरी करने वाले गैंग का खुलासा

● 40 लाख रुपए मूल्य के 50 लैपटाप, 19 मोबाइल फोन व तीन वाहन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एनसीआर** क्षेत्र में स्थापित अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय कोरियर कंपनी के कंटेनर में से सील तोड़ कर इलेक्ट्रानिक व कीमती सामान चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का एसटीएफ ने खुलासा किया। एसटीएफ ने गिरोह के पांच सदस्यों को आगरा से गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 50 लैपटॉप एवं 19 मोबाइल मय वाहन कीमत लगभग 40 लाख रुपए बरामद हुए।

इस गिरोह के बारे में काफी समय से छानबीन कर रही एसटीएफ की टीम ने स्थानीय थाना एत्मादद्दौला, आगरा के साथ मिलकर हाथरस रोड पर मछली पुलिया के पास से पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनका नाम–पता बनवारी निवासी नन्दा का नगला, धनौली, थाना मलपुरा, आगरा, जगदीश निवासी मोहल्ला लोधी, कस्बा मनियां धौलपुर, राजस्थान, राजेन्द्र राजपूत निवासी नगला नन्दा, मुल्ला की प्याउ, थाना मलपुरा, आगरा, राजेश राजपूत निवासी नौआरी ग्राम भोजपुर, थाना अतरौली, अलीगढ़ और राधेश्याम निवासी चन्दननगर, थाना कोतवाली देहात, एटा है। इनके पास से 49 लैपटाप डेल कम्पनी, एक लैपटाप एप्पल कम्पनी, 19 मोबाइल फोन 5 जी पोको कम्पनी, एक एक्सयूवी कार, एक मोटर साइकिल, एक स्कूटी आदि बरामद हुए। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग मिलकर बड़े–बड़े कन्टेनरों से उनके चालकों से मिलकर कन्टेनरों में जाने वाले कीमती इक्ट्रोनिक व कीमती सामान को निकाल लेते है हमारे अलावा हमारे गैंग में आलिर निवासी ग्राम जिरौली, धूम सिंह, थाना अतरौली, अलीगढ़ व रवि राजपूत निवासी मुल्ला की प्याउ, धनौली थाना मलपुरा, आगरा (वर्तमान में कासंगज जिले में पुलिस में सिपाही) और विक्रम निवासी बसुन्धरा, एटा ( कन्टेनर का चालक ) शामिल हैं। ये माल जो बरामद हुआ है वह करीब 15–20 दिन पूर्व एक कन्टेनर जिसे विक्रम गुडगांव हरियाणा से एक ट्रक लेकर निकला था जिसको रवि राजपूत सिपाही के कहने पर हम लोगों ने मिलकर योजनाबद्व तरीके से चोरी किया था। पूरे माल को बेचकर रवि राजपूत, राजेश, बनवारी, राधेश्याम, राजेन्द्र, आमिर व विक्रम को मिलना था।

माल खरीदने के लिए जगदीश आया है जिसने हमसे 18 मोबाइल फोन खरीदे हैं। इसी खरीद के 20 हजार रुपए बनवारी से तलाशी में मिले हैं तथा बनवारी ने यह भी बताया कि हमारे एचडीएफसी बैक एकाउन्ट, ब्रांच प्रथम प्लोर ताज रोड, सदर बाजार, आगरा व मेरी भाभी शारदा देवी के एकाउन्ट, केनरा बैक, में दो–दो कुल चार लाख रुपए, मोबाइल व लैपटाप बेचने के एवज में लिए हैं। रवि राजपूत ने भी सौदे के समय आने को कहा था। बरामद एक्सयूवी गाड़ी रवि राजपूत की है, जो उसने राजवीर राणा से लेकर बनवारी को दी है।

# इस बार भी सनबीम के छात्रों ने सिद्ध कर दी श्रेष्ठता

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**जैसा** कि पूर्व अनुमान था इस वर्ष सीबीएसई के कक्षा 12वीं के परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम अपने अनुमानित और सम्भावित समय से मई 12 तारीख को घोषित किये गये। टर्म के अनुपातिक अंकों की जानकारी बोर्ड द्वारा जारी होगी। आज इसी मानक के आधार पर सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित किये गये हैं। यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है कि इस वर्ष भी सनबीम शिक्षण समूह की सभी शाखाओं के मेधावी विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठता कायम रखते हुए उत्कृष्ट अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। सनबीम विद्यालय भगवानपुरए लहरतारा, वरुणा एवं सनसिटी में सभी वर्गो और विषयों के छात्र.छात्राओं ने सर्वोत्तम प्रदर्शन कर माता पिता के साथ विद्यालय का मान बढ़ाया है।

चारों शाखाओं के प्रथम तीन विद्यालय टॉपर्स

**सनबीम वरूणा**
अनुष्का सिन्हा (मानविकी) . 98.4
युविका शर्मा (मानविकी) 97.4
अमृतांश सिंह (मानविकी) 97.2
जान्हवी सिंह (मानविकी) 97.2
मिताली सिंह (मानविकी) 97.2
शिखर वत्स (मानविकी) 97.2

**सनबीम भगवानपुर**
मान्या सिंह (मानविकी) . 97.8:
प्रिया वर्मा (गणित) . 96.2:
बिदिशा आइच (जीवविज्ञान) . 95.4:

**सनबीम लहरतारा**
आदित्य कन्डोई (वाणिज्य) . 97.6:
प्रतिक गुप्ता (गणित) . 97०4:
दिव्यांश खन्ना (वाणिज्य) . 97.4:
अनन्या विधु (मानविकी) . 97.4:
सान्या श्रीवास्तव (वाणिज्य) . 97:

**सनबीम सनसीटी**
श्रीप्रिया ओझा (मानविकी) . 98.4:
आशु राज (वाणिज्य) . 97.8:
प्रिंस कुमार (गणित) . 96.4:
संस्कार यादव (मानविकी) . 96.4:

सभी शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थीगण आत्मविश्वास से भरे हुए थे। सभी को बेहतरीन परिणामों की अपेक्षा थी। परिणाम की घोषणा के पश्चात अपेक्षानुसार प्रदर्शन की सूचना ने हर तरफहर्ष की लहर दौड़ा दी।

### चारों प्रमुख वर्गों में विद्यालयवार टापर्स

सनबीम स्कूल वरूणा
जीवविज्ञान
समृद्धि सिंह . 96.2:
आदित्य पाण्डेय . 96.2:
शिवम पाण्डेय . 94.8:
स्वर्णिमा गौरी . 94.4:
मानविकी
अनुष्का सिन्हा (मानविकी) . 98.4:
युविका शर्मा (मानविकी). 97.4:
अमृतांश सिंह (मानविकी). 97.2:
जान्हवी सिंह (मानविकी) 97.2:
मिताली सिंह (मानविकी) 97.2:
शिखर वत्स (मानविकी) 97.2:
गणित वर्ग
अन्वीता श्रीवास्तव . 95.4:
आयुश प्रियदर्शी . 94.8:
आयुश . 94.6:
**वाणिज्य वर्ग**
मन्शा गुप्ता . 96.8:
बानी घौरी . 93.6:
प्रज्जवल कुश्वाहा . 91.4 प्रतिशत

**सनबीम स्कूल भगवानपुर**
**जीवविज्ञान**
बिदिशा आइच . 95.4 प्रतिशत
पारूल चन्द्रा. 95.2 प्रतिशत
पार्थ चन्द्रा . 94.8 प्रतिशत

मानविकी वर्ग
मान्या सिंह . 97०8:
आराधना यादव. 96०2:
भासकर चतुर्वेदी . 95०4:
रिद्धीमा आर्या . 95०4:

गणित वर्ग
प्रिया वर्मा . 96०2:
गार्गी त्रिपाठी . 96:
लबिबा मिनल . 95०8:
वाणिज्य वर्ग
आराध्या जैन . 94०8:
अभिज्ञान भारद्वाज . 94०4:
रोहन सिन्हा . 94०2:

सनबीम स्कूल लहरतारा
मानविकी
अनन्या विधु . 97०4:
रिषिता सिंह . 96०6:
रूतवि महेन्द्रा . 96०4:

जीवविज्ञान
प्रशांत यादव . 96०8:
सुर्यांश राय . 96:
श्रेया शर्मा . 93०8:

वाणिज्य वर्ग
आदित्य कंडोई . 97०6:
दिव्यांश खन्ना . 97०4:
सान्या श्रीवास्तव . 97:

गणित वर्ग
प्रतिक गुप्ता . 97०4:
देवेश कुमार राय . 95०6:
अनुज पाण्डेय. 95०2:

सनबीम स्कूल सनसिटी
वाणिज्य वर्ग
आशु राज . 97०8:
खुशी गुप्ता . 96:
अनल्प जायसवाल . 96:
अन्शिका कन्नौजिया . 93०4:

# मतगणना आज, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध



**डलमऊ।** निकाय चुनाव की मतगणना आज हो रही हैए डलमऊ तहसील सभागार में आज सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगीए जिसके सम्बन्ध में तहसील परिसर सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जानकारी देते हुए एसडीएम डलमऊ आशाराम वर्मा ने बताया कि निकाय चुनाव की मतगणना में आतिशबाजी व जुलूस पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। तहसील परिसर में होने वाली मतगणना दो टेबल पर पांच चक्रों में सम्पन्न होगी।

पहली टेबल पर वार्ड नम्बर 1 से पांच तक तथा दूसरी टेबल पर 6 से 10 नम्बर वार्ड की मतगणना सम्पन्न होगी। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना के दौरान तहसील परिसर में बिना अधिकृत पास के किसी का भी प्रवेश वर्जित रहेगा। एसडीएम ने बताया कि स्टाफ व पोलिंग ड्यूटी में लगे कार्मिकों के वाहनों की पार्किंग अंबेडकर पार्क व प्रत्याशियों के वाहनों की गाड़ियां व अन्य वाहन निराला पार्क में पार्किंग स्थल पर खड़े कराए जाएंगे।

बैठक में जानकारी देते हुए सीओ लाइन इंद्रपाल सिंह ने बताया कि कानून व्यवस्था को देखते हुए प्रवेश द्वार मेटल डिटेक्टर लगाए जांएगेए हैंड डिटेक्टर से भी लोगों की तलाशी करने के बाद ही अधिकृत व्यक्तियों को मतगणना परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना होने तक शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने में मदद करने की अपील करते हुए कहा कि अगर किसी भी हाल में कोई भी अफ्वाहए या शांति भंग करता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी मतगणना कक्ष के अंदर व बाहर किसी भी प्रत्याशी, एजेंट व किसी अन्य को मोबाइल, खाद्य सामग्रीए पानी आदि ले जाने की इजाजत नही दी जाएगी। इस दौरान बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आरती श्रीवास्तवए प्रभारी निरीक्षक डलमऊ पंकज तिवारीए कई चेयरमैन प्रत्याशी व सभासद प्रत्याशी मौजूद रहे।

# नगर निकाय चुनाव की मतगणना आज



**अमेठी।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन.2023 की मतगणना 13 मई को जनपद की चारो नगर निकायों क्रमशरू नगर पालिका गौरीगंज की जिला पंचायत रिसोर्ट सेंटरए नगरपालिका जायस की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिलोईए नगर पंचायत अमेठी की राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी तथा नगर पंचायत मुसाफिरखाना की एएच इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना में की जाएगी। मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त आरओध्एआरओ के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि नगरपालिका गौरीगंज व जायस में 16.16 टेबल लगाई गई हैं जिनमें 8 टेबल पर अध्यक्ष व 8 टेबल पर सदस्य पद की मतगणना की जाएगी इसके साथ ही मुसाफिरखाना में 4 टेबल जिनमें 2 अध्यक्ष व 2 सदस्य तथा अमेठी में 6 टेबल जिनमें 3 अध्यक्ष व 3 सदस्य टेबिलों पर मतगणना की जाएगी। एक टेबल पर कुल 5 कार्मिक तैनात रहेंगे जिसमें एक मतगणना पर्यवेक्षकए 03 मतगणना सहायक तथा एक अतिरिक्त मतगणना सहायक शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना परिसर में कोई भी गणना अभिकर्ता पानी की बोतल, मोबाइल व अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लेकर नहीं जा सकेंगे साथ ही गणना अभिकर्ता को अपने साथ अपनी पहचान हेतु आईडी प्रूफ लेकर आना अनिवार्य होगा। गणना के उपरांत विजयी उम्मीदवार द्वारा विजय जुलूस नहीं निकाला जाएगा। बैठक से पूर्व डीएम व पुलिस अधीक्षक ने जिला पंचायत रिसोर्ट सेंटर व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी में मतगणना स्थल का निरीक्षण कर वहां पर बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा, टेंट, लाइट, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन की सुविधा सहित अन्य मूलभूत व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सीडीओ सान्या छाबड़ा, एडीएम वित्त एवं राजस्व एके सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम सहित समस्त आरओ/एआरओ मौजूद रहे।

# प्रेक्षक डीएम.एसपी ने मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**रायबरेली।** प्रेक्षक कंचन वर्मा, जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने आज नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के मतगणना कार्य को निष्पक्ष निर्भीक भय रहित व शांति पूर्वक तरीके से सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण रखने के लिए गोरा बाजार स्थित आईटीआई प्रांगण एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष/सभासद के लिए बने मतगणना कक्ष सहित बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोगए उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 से सम्बन्धित मतगणना का कार्य 13 मई को प्रातः 08:00 बजे से मतगणना कार्य समाप्ति तक आईटीआई कैम्पस सहित अन्य निर्धारित मतगणना स्थलों पर बनाये गये मतगणना कक्षों में सम्पन्न होना है। मतगणना कार्य को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु मतगणना स्थल पर शांति व्यवस्था बनाये रखनेए यातायात व्यवस्थाए विद्युत व्यवस्थाए खानपान व्यवस्था की चेकिंगए अग्निशमन आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित आदि अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैपुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लेते हुए निर्देश दिये कि की मतगणना कार्य में किसी भी की शिथिलता न बरती जाये। सुरक्षा व्यवस्था व शांति व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये है।

## नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर कराये नियमित टीकाकरण

**मिर्जापुर।** शासन से विभिन्न बीमारियों के लिए 3,11,405 टीका मिलते ही जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण उपलब्ध करा दिया गया है। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व एसीएमओ डॉक्टर अनिल ओझा ने दी। उन्होंने शुक्रवार को एक विभागीय बैठक के दौरान बताया कि जिले के 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अगले दो माह तक वैक्सीन की कोई कमी नहीं रह गई। प्रदेश स्तर से विभाग को इस माह के प्रथम सप्ताह में ही बीसीजीए हेपेटाइटिसए पीसीवीए रोटावायरस व पेन्टा वेन्टा आदि की 311405 वैक्सीन जिले को मिल गई हैं। यह वैक्सीन केन्द्र पर एक से दो दिनों के अन्दर उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके लिए पत्र के माध्यम से सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। बच्चों को जन्म के बाद से दिए जाने वाले नियमित टीकाकरण का होना बहुत ही आवश्यक है। नियमित टीकाकरण के जरिये बच्चों को 12 बीमारियों से आसानी से बचाया जा सकता है। बचपन में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सबसे बेहतर उपाय टीकाकरण है।

## क्विक न्यूज

### आकलन का दौर हुआ तेज, मतगणना आज

**सोनभद्र।** जनपद की एकलौती नगर पालिका परिषद सोनभद्र समेत 9 नगर पंचायत चोपन, चुर्क गुरमा, चोपन, ओबरा, डाला, दुद्धी, रेणुकूट, पिपरी व अनपरा मे अध्यक्ष व सभासद को लेकर गुरुवार को सम्पन्न हुए मतदान के बाद से ही आकलन का दौर भी शुरू हो गया है, हालांकि शनिवार को होनें वाली मतगणना के साथ ही प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला भी तय हो जाएगा। जनपद की इकलौती नगर पालिका परिषद सोनभद्र में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी पूर्व विधायक रुबी प्रसाद बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी सीता देवी समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी उषा देवी व कांग्रेस प्रत्याशी उषा सोनकर के बीच मुकाबला माना जा रहा है। वहीं जन चर्चाओ की अगर माना जाए तो नगर पालिका परिषद सोनभद्र के अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशी रूबी प्रसाद का जितना लगभग तय माना जा रहा है। लोगों का मानना है कि नगर पालिका परिषद सोनभद्र के अध्यक्ष पद पर पहले से ही भाजपा का दबदबा रहा है ऐसे में भाजपा प्रत्याशी रुबी प्रसाद का पूर्व विधायक व शिक्षित होना लोगों की पसंद का प्रमुख कारण रहा। हालांकि परिणाम क्या होगा तो शनिवार को होने वाले मतगणना के बाद ही तय हो पाएगा।

### सीनियर रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. यूपी शाही को नई जिम्मेदारी

**वाराणसी।** सीनियर रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. यूपी शाही अब वाराणसी के उजाला सिग्नस हॉस्पिटल की टीम में शामिल हो गए हैं। कैंसर के उपचार और देखभाल के क्षेत्र में उनके 40 वर्ष के समृद्ध अनुभव से हॉस्पिटल और वहां आने वाले मरीजों को फायदा मिलेगा। डॉण् शाही ने बीती 10 मई से वाराणसी में भेलूपुर स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में काम करना शुरू कर दिया है। इस अवसर पर यहां ऑन्कोलॉजी (कैंसर) विभाग की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. शाही और अस्पताल के अन्य सीनियर डॉक्टर एवं फिजिशियन उपस्थित थे।

### जयपुरिया स्कूल के प्रांशु जैन जिले में टॉप

**मुग़लसराय/चन्दौली।** कक्षा 12 वीं के चौथे सत्र में ही सर्वाधिक अंक अर्जित कर जैपुरिया स्कूल्स बनारस पडाव शाखा ने जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। ज्यादातर बच्चों ने 90 से 95 प्रतिशत अंक हासिल किये। कॉमर्स विभाग के प्रांशु जैन ने 98प्त4 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले मे प्रथम स्थान पर रहे। प्रांशु जैन एअभ्युदय कुमार एनमन सोनीए सुमित जोतवानीए हर्षित अग्रवालए अमन कुमारए सूर्यप्रताप सिंहए अनघ दीपा] नेहा यादवएएवं कनुप्रिया राय रहे टॉप टेन पर। इसी क्रम में कक्षा 10 वीं में प्रज्ञा रुंगटा ने 95०8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य इनके साथ अंशुमान यादव 95 प्रतिशतए हृतिज्व सेठ 94०8 प्रतिशतए काश्वी आर्या एवं मयंक जैन 94०6 प्रतिशत एपूरब सिंह 94०4 प्रतिशतएसक्षम बादल एवं स्वेक्षा अग्रहरी 94 प्रतिशत अथर्व रघुवंशी 93ण् 4 प्राची सिंह ने 92०8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया द्य कुल अठारह बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया द्य इस अवसर पर अभिभावक एवं बच्चों को बधाई देते हुए विद्यालय के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज एवं प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने कहा कि . सफलता उन्हीं को मिलती हैए जिनके जीवन का एक लक्ष्य होता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होते हैं और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सच्चा दृढ़संकल्प लेते हैं।

### जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने देखी द केरला स्टोरी

**गाजीपुर।** सुदीप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी अदा शर्मा की फिल्म ष्द केरल स्टोरीष् शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा जिला पदाधिकारियों तथा लगभग डेढ सौ कार्यकर्ताओं ने नगर के एन वाई सिनेमा हाल मे दोपहर के शो मे इस फिल्म को देखा। फिल्म में सामायिक तथा देश कि सुरक्षा को चुनौती देती परिस्थिति जन्य विषयों के सत्य प्रदर्शन को देखकर सपना सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति और भारतीय सभ्यता पर चोट कर समाज में विसंगतियों को जन्म देने वाली कट्टरवादी ताकतों के मुंह पर करारा तमाचा है यह फिल्म। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि हर पिता अपने परिवार और विशेष रुप से पुत्रीयों को साथ लेकर जरुर इस फिल्म को देखें और उनके मानसिक ताकतों को मजबूत करे। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि समय समय पर देश के अंदर विदेशी ताकतों ने छदम भाव और कुत्सित मानसिकता पुर्ण भावना से राष्ट्रीय सभ्यता और संस्कृति पर चोट कर देश को कमजोर करने का प्रयास करती रही है द केरल स्टोरी फिल्म मजबुती के साथ देश के दुश्मनों के मानसिकता पर प्रहार कर रही है?। इस फिल्म को हर भारतीय को देखना चाहिए। पुर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने कहा की फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन तथा अभिनयकर्ताओं सहित पुरे समुह के द्वारा उपरोक्त सत्य आधारित विषय का फिल्मांकन समाज को दिशा तथा परिस्थिति जन्य निर्णय के लिए मजबूत बनाने का एक संवेदनशील प्रयास है इसकी जितनी सराहना कि जाए वह कम ही होगी?। जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय ने कहा कि द केरल स्टोरी फिल्म को पं बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बैन करना राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति गहरी संवेदनहीनता है।

# सनबीम एकेडमी के विद्यार्थियों का अभूतपूर्व प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**सनबीम** एकेडमी के विद्यार्थियों ने कक्षा . 10वीं एवं कक्षा . 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षाफल शत.प्रतिशत रहा। इस वर्ष बोर्ड की परीक्षा में कक्षा . 10वीं में 236 एवं 12वीं में कुल 245 विद्यार्थी सम्मलित हुए। जिसमे सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। कक्षा. 12वीं बोर्ड में कुल 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया। विद्यालय के मानविकी वर्ग के वैभव द्विवेदी ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ा दिया।

कुल 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम निम्न है–

विभिन्न विषय वर्गो में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम निम्न है .

| क्र. | नाम | प्राप्तांक | प्रतिशत | विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वैभव द्विवेदी | 486 | 97.2 | मानविकी |
| 2. | श्रेया तिवारी | 485 | 97.0 | मानविकी |
| 3. | प्रियांशु सिंह | 475 | 95.0 | विज्ञान |

विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भी अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करायी है। अंग्रेजी में 42, गणित में 03, भौतिक विज्ञान में 11, रसायन.विज्ञान में 16, जीव.विज्ञान में 02, लेखा.शास्त्र में 07, अर्थ.शास्त्र में 16, व्यवसायिक.अध्ययन में 15, इतिहास में 10, समाज.शास्त्र में 04, राजनीति.शास्त्र में 14 एवं विभिन्न वैकल्पिक विषयों में 83 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर चमत्कृत प्रदर्शन किया।

10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 29 विद्यार्थियों ने 88 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया। विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले टॉप 10 विद्यार्थियों के नाम निम्न है।

विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 277 विद्यार्थियों ने भी अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करायी है। हिन्दी में 21, अंग्रेजी में 85, गणित में 19, विज्ञान में 53, सा0 विज्ञान में 42, एवं कम्प्यूटर (आईटी) में 57 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर चमत्कृत प्रदर्शन किया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के सचिव जगदीप मधोक, निदेशिका पूनम मधोक एवं उप.निदेशक डा. जी. पी. मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमें आप सब की सफलता पर गर्व है। प्रधानाचार्य डास के.के. पंडा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम शिक्षकों के श्रेष्ठ मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम के कारण है।

# देहरादून में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में प्रस्तुत होगा डा. सलीम का शोधपत्र

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के प्रसिद्ध होम्योपैथ चिकित्सक डा0 मो0 सलीम को देहरादून में 14 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय होम्योपैथ रिसर्च समिट में उन्हे ब्रेन ट्यूमर व ब्रेन हेमरेज पर किये गये शोध को प्रस्तुत करने के लिये आमत्रित किया गया है। समिट में देश के 1500 नामचीन होम्योपैथी कि चिकित्सको के अतिरिक्त उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय होम्योपैथ के मुखिया डा0 राम सिंह, प्रसिद्ध कवियत्री अनामिका जैन अम्बर समेंत बालीबुड की नामचीन हस्तियो के सामने उन्हे अपना शोध पत्र प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। जिसके लिये वह देहरादून के लिये रवाना हो चुके है। डा0 सलीम इससे पूर्व बनारस व नागपुर में भी आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सेमिनारो में अपना शोध प्रस्तुत कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है। उन्हाने अपने शोध के माध्यम से अबतक हजारो मरीजो को




ठीक किया है। डा0 सलीम की इस उपलब्धि पर उनके माता पिता समेंत चिकित्सा जगत के डा0 रमेश श्रीवास्तव, डा0 सुनील त्रिवेदी, डा0 फरहीन बानो, डा0 राजीव सिंह, डा0 करीम, डा0 प्रभात श्रीवास्तव, व्यापारी नेता राहुल भदौरिया, अनिल गुप्ता, राहुल गुप्ता आदि ने भी उन्हे बधाई देते हुए उनकी इस उपलब्धि को बैसवारे क्षेत्र के लिये गौरव बताया है।

# सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में रहा दक्षिणांचल के विद्यार्थियों का दबदबा

**सोनभद्र।** हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुकूट का हाईस्कूल व इंटरमीडियट का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में छात्र जगदीप सिंह ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। उन्होंने 97.40 प्रतिशत अंक हासिल किये। छात्र आयुष पाल 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व छात्रा विद्या पांडेय 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता साही ने बताया कि इस वर्ष दसवीं की परीक्षा में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जगदीप सिंह मोनीषा तरफ्दार, आयुष पाल व प्रारब्ध मिश्रा ने विज्ञान में 100 से 100 अंक प्राप्त किए वहीं स्वस्थि राव ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इस प्रकार कुल 101 विद्यार्थियों में से 27 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। विद्यालय की होनहार छात्रा शुभी सिंह ने वाणिज्य संकाय में 98.2 व अनुष्का उपाध्याय ने विज्ञान संकाय में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। इंटरमीडियट वाणिज्य संकाय की छात्रा शुभी सिंह 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अर्नव सहगल 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व रोहित सिंह ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में अनुष्का उपाध्याय 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रियांशी रघुवंशी 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व राज श्रीवास्तव ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता साही ने बताया कि इस वर्ष 115 विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। अनुष्का उपाध्याय व राज श्रीवास्तव ने पेंटिंग में 100 में से 100 प्रतिशत अंक व अर्नव सहगल ने अकाउंट, बिजनेस स्टडी में 100 में से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त प्राप्त किए। इस अवसर पर हिण्डाल्को रेणुकूट क्लस्टर के मुखिया एन. नागेश व मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह व विद्यालय प्रबंधक वनिता वासनिक ने विद्यार्थियों के माता–पिता को भी बधाई देते हुए उनके बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के पदाधिकारी, विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावक काफी उल्लासित रहे। वही बीजपुर सेंट जोसेफ के प्राचार्य बैप्टिस्ट डिसूजा से मिली जानकारी के अनुसार उनके विद्यालय के बारहवीं कक्षा के विज्ञान वर्ग में हीरल खरे पुत्री अंकुर खरे ने 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने विद्यालय के साथ साथ रिहंद के तीनों विद्यालय में अव्वल रही। भूमि सिंह ने 94.6 प्रतिशत अंक पाकर अपने विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रही। जोएल जिम्मी व खुशी ने 93.6 प्रतिशत अंक अर्जित करके अपने विद्यालय में तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया।

## मतगणना के दौरान मतों में हेर फेर करने की आशंका के चलते आप प्रत्याशी ने नेताओं को नजर बंद करने की उठाई मांग

**मीरजापुर।** नगर निकाय चुनाव के दौरान हुई छिटपुट घटनाओं के चलते नगर में एक अलग ही माहौल चल रहा है सभी प्रत्याशी व उनके समर्थक अपनी.अपनी ताल ठोक रहे हैं और जीतने के लिए येन केन प्रकारेण प्रयास कर रहे हैं। सुनील कुमार पाण्डेय एड0 जो कि आम आदमी पार्टी का नगर पालिका परिषद मिर्जापुर का अध्यक्ष प्रत्याशी हैए उन्होंने मत पत्रों को बदलने कि आशंका जताते है ए कि 13 मई को राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया में मतगणना प्रस्तावित है। लेकिन निष्पक्ष मतगणना के लिए विधान परिषद सदस्य विधायक तथा सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों को मतगणना स्थल पर कदापि न आने दिया जायए अन्यथा मतगणना प्रभावित करने हेतु वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर सकते हैं। तथा इनके मतगणना स्थल पर रहने से निष्पक्ष मतगणना सम्भव नहीं हैं।

# नगर निकाय चुनाव का फैसला आज, तैयारियां पूरी

● सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में होगा मतगणना, जिलाधिकारी एसपी ने लिया जायजा



**गाजीपुर।** 2023 के नगर निकाय चुनाव का मतगणना 13 मई 2023 को पूर्वान्ह 8 बजे से मतगणना की समाप्ति तक अपने नियत स्थलो पर सम्पन्न होगा। मतगणना को सकुशलए निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु हो रही तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने विभिन्न नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतो मे बनाये मतगणना स्थलो का निरीक्षण कर जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद मे अष्ट शहीद इण्टर कालेजए नगर पालिका परिषद जमानियां मे तहसील जमानियां एवं नगर पालिका परिषद गाजीपुर एव नगर पंचायत जंगीपुर हेतु बनाये गये मतगणना स्थल स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीरनगर का निरीक्षण कर हो रही तैयारियो का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि मतगणना को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। पूरी निष्पक्षता के साथ पुलिस अभिरक्षा में मतगणना का कार्य सम्पन्न कराया जायेगा इसके लिए पूरी तैयारिया कर ली गयी है। पूरे जनपद में 58 टेबल पर मतगणना करायी जायेगी। नगर पालिका परिषद गाजीपुर हेतु 20 टेबलए नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद में 8 टेबल, नपाप जमानियां मे 9 टेबल, नगर पं0 जंगीपुर में 3 टेबलए नंपं सैदपुर में 6 टेबल, न0पं0 बहादुरगंज में 5 टेबल, न0पं0 दिलदार नगर में 4 टेबल एवं नगर पंचायत सादात में 3 टेबल पर मतगणना का कार्य सम्पादित होगा। मतगणना स्थल पर मतगणना कर्मचारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओ का मतगणना टेबल पर प्रवेश अलग.अलग हो ताकि मतगणना एजेन्ट सीधे अपने निर्धारित गणना टैबल के सामने ही पहुचे। मतगणना पण्डाल में बैरिकेटिंग एवं मजबूत जाली की व्यवस्था रहे तथा टेबल की इतनी ही दूरी हो कि एजेन्ट को मतपत्र पर अंकित मत स्पष्ट दिखे। मतगणना स्थलो पर पर्याप्त प्रकाश हेतु विद्युतध्जनरेटर की व्यवस्था रहे। गर्मी की दृष्टिगत फैन व कूलर की व्यवस्था इस प्रकार हो कि मतपत्र इधर उधर न उड़े। मतगणना टेबल पर टेबल संख्या एवं किस वार्ड/मतदेय स्थल की मतगणना होनी हैए उसका डिस्प्ले गणना अपने.अपने निर्धारित टेबल पर पहले ही पहुच जाये। मतगणना केन्द्र पर मतगणना के निगरानी हेतु सी सी टी वी कैमरा विथ रिकार्डिंग की व्यवस्था सुनिश्चित रहे तथा मतगणना की फिडिंग हेतु मतगणना केन्द्र पर अध्यक्ष एवं सदस्य दोनो पदो की गणना हेतु समुचित कम्प्यूटर स्कैनर प्रिन्टर मय आपरेटर की ससमय तैनातीए मतगणना केन्द्र पर इन्टरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था तथा पब्लिक एनाउन्समेन्ट की व्यवस्था सुनिश्चत कराने का निर्देश दिया। मतगणना केन्द्र पर मतगणना कार्मिकों, प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं हेतु कोविड हेल्प डेस्क एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी ध्प्रभारी अधिकारी ;औषधि किट व्यवस्थाद्ध को निर्देश दिया।

### सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 की तैयारियां पूरी

# प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवम् राजस्व महेंद्र कुमार ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाले सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा.2023 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट व संबंधित अधकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि सम्मिलित राज्यध्प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा . 2023 14.05.2023 (रविवार) को दो सत्रों में (प्रथम पाली पूर्वान्ह 09.30 से 11.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे तक) जनपद अयोध्या में निर्धारित 30 परीक्षा केन्द्रों पर दोनो पाली में आयोजित की जायेगी। जनपद के उक्त परीक्षा केंद्रों में कुल 13837 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा को सकुशल एवं नकल विहीन सम्पन्न कराये



जाने हेतु कुल 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सभी परीक्षा केंद्र पर एक एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट (30) की नियुक्ति की गई है। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने नियुक्त समस्त सेक्टर मेजिस्ट्रेट्स को दिनांक 14 मई 2023 को परीक्षा नोडल अधिकारी एवं आयोग द्वारा नामित प्रतिनिधि की उपस्थिति में दोनो पालियों में अपनेदृअपने परीक्षा केन्द्र से संबंधित सामग्री समय से संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा परीक्षा अवधि में अपने से संबंधित परीक्षा केन्द्रों के बाहर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित रखे एवं परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षा से सम्बन्धित सामग्री नियमानुसार निर्धारित गंतव्य तक सुरक्षित पहुँचाना सुनिश्चित करें। परीक्षा हेतु नियुक्त समस्त स्टेटिक मजिस्ट्रेटो को परीक्षा दिनाक 14 मई 2023 को 01 घण्टे पूर्व अपने.अपने आवंटित परीक्षा केन्द्र पर पहुँचकर सम्बन्धित परीक्षा केंद्रों पर नियमानुसार निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने समस्त परीक्षा केंद्रों पर आयोग के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों के समस्त आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर एवम् स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने.अपने से संबंधित परीक्षा केंद्रों का एक बार परीक्षा से पूर्व भ्रमण अवश्य कर लें तथा यदि कहीं पर किसी भी प्रकार की कमी है तो उसे समय से दूर करा लें। समस्त सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापको को परीक्षा को प्रक्रियाबद्ध तरीके से सकुशल संपन्न कराने हेतु आयोग द्वारा जारी दिशा.निर्देशों का अध्ययन कर उससे भली.भांति अवगत हो लेने तथा परीक्षा अवधि में निरंतर सक्रिय रहकर आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा को शुचिता पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी सिटी मधुबन सिंह, प्रा. जिला विद्यालय निरीक्षक वीरेश कुमार वर्मा सहित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेटए स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# मतगणना आज, प्रशासन की तैयारी पूरी

**● डीएम-एसपी ने तीनो तहसीलों के मतगणना स्थल का लिया जायजा, शहर में किया पैदल गश्त**



जगद् गुरू इण्टर कालेज मेंहदावल मतगणना स्थल का जायजा लेते अधिकारी।

**संतकबीरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी सदीप कुमार ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में नगर पालिका परिषदर/नगर पंचायत के अध्यक्ष/सदस्य पदों की मतगणना हेतु निर्धारित मतगणना केन्द्रों पर 13 मई 2023 का प्रातः 08 बजे से कार्य सामाप्ति तक मतगणना प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु निकायवार स्थापित मतगणना स्थलों में मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की है। तहसील खलीलाबाद में हीरालाल पीजी कॉलेज में नगर पालिका परिषद खलीलाबाद हेतु निर्धारित मतगणना स्थल स्वर्ण जंयती हॉल में एडीएम न्यायिक अभय कुमार मिश्र, मो0न0-8299242308, नगर पंचायत मगहर हेतु मतगणना स्थल विज्ञान संकाय कक्ष संख्या-43 में अजय कुमार त्रिपाठी उप संचालक चकबन्दी, मो0न0-8009963333 एवं नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा हेतु निर्धारित मतगणना कक्ष व्यायामशाला हॉल में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वनाकी, वन प्रभाग पीके पाण्डेय, मो.न.-8795993562 की नियुक्ति मजिस्ट्रेट के रूप में की गयी है।

इसी प्रकार तहसील मेंहदावल में श्री जगतगुरू शंकराचार्य इण्टर कॉलेज मेंहदावल में नगर पंचायत मेंहदावल हेतु निर्धारित मतगणना कक्ष संख्या-20 में पीडी डीआरडीए संजय कुमार नायक, मो.न.-9454464732, नगर पंचायत बेलहर कला हेतु निर्धारित मतगणना कक्ष संख्या-10 में जिला विद्यालय निरीक्षक मनमोहन शर्मा, मो.न.-7983832268 एवं नगर पंचायत धर्मसिंहवा हेतु निर्धारित मतगणना कक्ष सख्या-11 में डीसी मनरेगा प्रभात कुमार, मो0न0-9793220221 की नियुक्ति मजिस्ट्रेट के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि तहसील धनघटा में श्री ताराचन्द्र महाविद्यालय मिठना हैंसर बाजार में नगर पंचायत हैंसर बाजार धनघटा हेतु निर्धारित मतगणना कक्ष उत्तरी भवन ऑडिटोरियम में जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा, मो0न0-8218025001 एवं नगर पंचायत हरिहरपुर निर्धारित मतगणना कक्ष उत्तरी भवन गर्ल्स कॉमन रूम में डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी मो0न0-9454464733 की नियुक्ति मजिस्ट्रेट के रूप में की गयी।

## डीएम ने मतगणना स्थल राजकीय इंटर कालेज अयोध्या का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार व प्रेक्षक (नगरीय निकाय चुनाव) अरूण प्रकाश ने नगर निगम अयोध्या एवं नगर पंचायत गोशाईगंज के मतगणना स्थल राजकीय इंटर कालेज अयोध्या का निरीक्षण किया। अधिकारीद्वय ने सभी तैयारियों का जायजा लिया तथा स्थल पर उपस्थित उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम प्रशासन अमित सिंह को सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। मतगणना कार्य प्रातः 8:00 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। मतगणना कार्य में लगने वाले अधिकारी/ कर्मचारी एक घंटा पूर्व मतगणना स्थल पर पहुंच जायेगें जिससे समय से मतगणना का कार्य प्रारम्भ हो सके। सभी मजिस्ट्रेटों द्वारा मतगणना स्थल पर शांति व्यवस्था व मतगणना से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जायेगा। मतगणना कर्मियों को मतगणना 13 मई को मतगणना स्थल पर एक घंटे पूर्व रैण्डम आधार पर मतगणना टेबुल आवंटित की जायेगी। मतगणना कक्ष में मतगणना प्रारंभ होने से लेकर मतगणना समाप्त होने तक मतगणना कार्य की सीसीटीवी से निगरानी एवं वीडियोग्राफी भी करायी जायेगी। प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी/ सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने निकाय/वार्ड की पूरी मतगणना प्रक्रिया पर कढ़ाई से नजर रखेगें। उम्मीदवार, निर्वाचन अभिकर्ता या उसके मतगणना अभिकर्ता तीनों में से एक ही व्यक्ति एक समय में मतगणना हाल में निर्धारित स्थान पर उपस्थित रह सकता है रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रत्येक चक्र की मतगणना के उपरान्त गणना शीट पर तत्समय उपस्थित प्रत्याशियों या उनके निर्वाचक अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर भी करायेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना केन्द्र के प्रागंण की 200 मी0 की परिधि में केवल ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वाहनों को ही प्रवेश दिया जायेगा।

## नपा अध्यक्ष व पार्षदों के भाग्य का फैसला आज

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** नगर निकाय चुनाव के प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा शनिवार की सुबह 8 बजे से खुलना शुरू हो जाएगा जिसकी तैयारी पूर्ण करने का दावा प्रशासन कर रहा है।जनपद सबसे अधिक तीन नगर निकायों की मतगणना टाण्डा में होगी। नगर पालिका परिषद टाण्डा के अध्यक्ष पद के 12 व 25 वार्डों में सभासद का चुनाव लड़ रहे 124 प्रत्याशियो की मतगणना टी एन पी जी कालेज में होगी जिसमें कुल 36 टेबल लगाए गए है जिसमे 18 की अध्यक्ष पद व 18 पर सभासद पद की गिनती होगी। नगर पंचायत अशरफ्पुर किछौछा के अध्यक्ष पद के 14 प्रत्याशी व 17 वार्डों में सभासद पद के 90 प्रत्याशियों की मतगणना एच टी इंटर कालेज में होगी जिसमें कुल 12 टेबल लगाएं जाएंगे।वहीं नगर पंचायत इल्तिफ़ातगंज की मतगणना एच टी इंटर कालेज में होगी जिसमें अध्यक्ष पद के 7 प्रत्याशी व 15 वार्डों में सभासद पद का चुनाव लड़ रहे 76 प्रत्याशियों की मतगणना होगी।

## धर्म परिवर्तन पर लगे सख्ती से रोकः कौशल्यानन्द

**● उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य कौशल्यानंद गिरि ने बड़ी संख्या में किन्नर टांसजेण्डरों के साथ देखी द केरला स्टोरी**



फिल्म देखते किन्नर समाज के लोग।

**प्रयागराज।** पूरे देश में इस समय द केरला स्टोरी फिल्म की चर्चा हो रही है। सिनेमाघर हाउसफुल चल रहे हैं। प्रयागराज में उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि ने बड़ी संख्या में किन्नरों के साथ फिल्म को सिविल लाइंस के एक सिनेमाघर में देखा। ताली बजाकर बधाई मांगने वाले किन्नर एक साथ जब फिल्म के लिए टिकट खरीदने के लिए लाइन खड़े में हुए तो वहां मौजूद लोग भी आश्चर्यचकित हो गए। किन्नरों ने इस फिल्म को सराहा और सरकार से धर्म परिवर्तन पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। उप्र किन्नर कल्याण बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि की अगुवाई में फिल्म देखने पहुंचे किन्नरों ने कहा कि आज देश में धर्म परिवर्तन बड़ा मामला है। इस पर पूरी तरह सख्ती से रोक लगाने की जरूरत है। यह पहला मौका रहा कि इतनी बड़ी संख्या में किन्नर और ट्रांसजेंडर सिनेमाघर में फिल्म देखने पहुंचे थे। सिविल लाइंस स्थित सिनेमाघर में फिल्म देख रही महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि भावुक हो गईं। बेटियों को प्रेम में फंसाकर कुछ विशेष समुदाय के लोग उनके साथ दुष्कर्म करते हैं और बाद में आतकंवादी गतिविधियों में शामिल करा देते हैं। इस दृश्य को देखकर अन्य किन्नर भी भावुक हो गए। महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरि ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने इस फिल्म को टैक्स फ्री करके सराहनीय फैसला लिया है। इससे आमजन भी यह फिल्म देख सकेंगे। सनातन धर्म सबसे प्राचीन धर्म है, जो सभी तरह से समृद्ध है। यह विश्व कल्याण और सभी के मंगल की कामना करता है। यह धर्म परिवर्तन नही बल्कि लोगों की मदद करते हुए उसको आगे बढने के लिए प्रेरणा देता है।

## क्विक न्यूज

### पुलिस आयुक्त और डीएम ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा एवं जिलाधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने मुण्डेरा मण्डी स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत सभी व्यवस्था चुस्त दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। मतगणना निर्धारित समय पर शुरू होगी। नगर पंचायतों में मतगणना के लिए दो नगर पंचायतों पर एक एडीएम स्तर के अधिकारी तैनात किए गये हैं। मतगणना स्थल पर प्रकाश, शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए हैं। डीएम और पुलिस आयुक्त ने मुंडेरा पहुंचकर अधिकारियों से मतगणना स्थल की व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्थल पर साफसफाई के निर्देश भी दिए हैं।

### सेवा भारती ने अयोजित किया स्वास्थ परीक्षण शिविर
### मदर्स डे पर 29 महिलाओं को मिलेंगी जरूरी वस्तुएंः डॉ. ओंकार पाठक



**गोंडा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा भारती, गोंडा की प्रेरणा से तथा संगठन मंत्री आनंद जी के मार्गदर्शन में वृद्धजन आश्रम, बादशाह बाग गोंडा के बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। सेवा भारती गोंडा के जिलाध्यक्ष डॉ. ओंकार पाठक ने बताया कि इस शिविर में डॉक्टर फारूक सगीर, डॉ. विनोद कुमार वर्मा, प्रवीण सिंह, विष्णु प्रजापति की टीम ने कुल 41 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही उन्हें आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई। यह भी बताया कि सेवा भारती के सक्रिय सदस्य डॉ. ए.पी. सिंह, अनिल मित्तल, डा. जितेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, संजय जायसवाल व संजय मनीरामका की खास भूमिका रही। आश्रम के प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव तथा अधीक्षक योगेश प्रताप सिंह का सहयोग सराहनीय रहा। सेवा भारती जिलाध्यक्ष डॉ. पाठक ने बताया कि 14 मई 2023 को मदर्स डे के अवसर पर 29 महिलाओं को भोजन, वस्त्र, चश्मे, छड़ी व नी कैप आदि उनकी आवश्यकता के सामान वितरित किए जाएंगे। श्रीमती पुष्पा का दांत बनवाने की भी व्यवस्था की जा रही है।

### एसपी ने पुलिस कार्यालय व परिसर का किया निरीक्षण



**गोंडा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने पुलिस कार्यालय के अपराध शाखा, आयोग सेल, प्रधान लिपिक, अंकिक शाखा, साइबर सेल, विधिक शाखा, मॉनिटरिंग सेल, महिला सहायता प्रकोष्ठ, सम्मन सेल, अँगुष्ठ छाप व अभियोजन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों के बेहतर रखरखाव, फर्नीचर व भवनों की मरम्मत एवं साफसफाई हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी ने महिला सहायता प्रकोष्ठ में महिला संबंधी अपराधों में पीड़िताओं को मिलने वाली वित्तीय सहायता को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने तथा मिलने वाली वित्तीय सहायता धनराशि की सूची फ्लेक्स बोर्ड पर चस्पा करने के निर्देश दिए। साथ ही डीसीआरबी शाखा प्रभारी को अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही कराने, विशेष किशोर पुलिस इकाई शाखा प्रभारी को लैंगिक अपराधों से पीड़ित बालको के प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग करने एवं प्राथमिकता पर मामलों के निस्तारण कराने, एएचटीयू शाखा प्रभारी को बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## मतगणना आज 8 बजे से

**अयोध्या।** जनपद मुख्यालय राजकीय इंटर कालेज में दिनांक 13 मई 2023 को मतगणना 8 बजे से प्रारम्भ होगी। इसी प्रकार जनपद में अन्य स्थानों यथा हिन्दू इंटर कालेज रूदौलीए आरडी इंटर कालेज सोहावलए राजकीय आश्रम पद्वति विद्यालय मुगीशपुर तहसील मिल्कीपुर तथा तहसील सभागार में नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत की मतगणना होगी। पत्रकारों की सुविधा के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नितीश कुमार के निर्देशन में मतगणना स्थल पर मीडिया सेन्टर बनाया गया है और इसके लिए पास जारी किया गया हैए इस पास के द्वारा वे केवल मीडिया सेन्टर तक ही जायेंगे और वहां से कवेरज करेंगे। इसमें जिला स्तर पर और तहसील स्तर पर के लिए भी पास जारी किया गया है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह एवं उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह ने बताया कि प्रत्येक राउण्ड की जानकारी मीडिया चैनल के माध्यम से प्रसारित होती रहेगी तथा इसका लाउड स्पीकर व साउण्ड सिस्टम के द्वारा समय.समय पर एनाउसमेंट भी किया जायेगा।

## सीबीएसई रिजल्ट घोषित,सूर्या एकेडमी के 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

**● बच्चों ने कड़ी मेहनत कर प्राप्त किया सफलताः सविता चतुर्वेदी**



टॉपर इण्टरमीडिएट छात्र-छात्राओं के साथ प्रबन्धक।

**संतकबीरनगर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के 10वीं एवं 12वीं के परिणाम शुक्रवार को घोषित हुआ। जनपद के सीबीएसई से सम्बद्ध सूर्या इण्टरनेशनल एकेडमी, जीआर एकेडमी, नवोदय विद्यालय, एसआर इण्टरनेशनल एकेडमी, प्रेमा एजुकेशनल, ब्लूमिग बड्स एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त किया है। नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी टॉपर रहे है। सूर्या इण्टरनेशनल एकेडमी 12वीं की छात्रा अंकिता यादव ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार का मान-सम्मान बढ़ाया व 10वीं की छात्रा सृष्टि मौर्या विद्यालय की टॉपर रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी एवं विद्यालय के प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि बच्चों नें नियमित एवं योजनाबद्ध तरीके से कठिन परिश्रम किया एवं विद्यालय बच्चों के शिक्षण कार्य के लिये निरंतर सहयोग के लिए तत्पर रहा, जिसका परिणाम आज दिख रहा है। बच्चों नें अपना परचम लहराते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया। साथ ही साथ विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि समय का सदुपयोग ही निरंतर सफलता की तरफ ले जाता है अतः लक्ष्य निर्धारित कर विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करना चाहिए। टॉपरो में 12वीं में अंकिता यादव, आनंद यादव, अजय शंकर पाण्डेय, पियूष गुप्ता, श्रद्धा यादव, प्रज्ञा राय, धनंजय गौतम, रवि प्रजापति, यशपाल यादव, गणेश शंकर पाण्डेय, अमृता धुरिया व अलंस्कृता सिंह शामिल रहे। टॉपरो में 10वीं मे सृष्टि मिश्रा, अपराजिता सिंह, मोहम्मद तंज़ील, रितेश चतुर्वेदी, राजशेखर, प्रतीक यादव, शिवांगी त्रिपाठी, कृष्णा कसौधन, दिव्यांश अग्रहरि, अभिनव सिंह,, शीतल, गौरी सिंह, शिवम प्रजापति, रश्मि मिश्रा, पवनेश कुमार व अनुष्का गुप्ता शामिल रहे।

## डीएम व एसपी ने सुरक्षा बलों के साथ इकौना कस्बे में निकाला फ्लैग मार्च

**श्रावस्ती। इकौना।** जिला मजिस्ट्रेट नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की अगुवाई में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की मतगणना को सकुशल निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को इकौना कस्बे में प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा फ्लैगमार्च निकाला गया। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा निर्वाचन की मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा कोविड.19 गाइडलाइन व आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करने की अपील की। अराजक तत्वों पर नजर रखकर किसी भी गलत गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना हेतु सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। जिले में धारा.144 एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत विजय जुलूस पूर्णतयः प्रतिबन्धित रहेगा। इसलिए सभी लोग शान्ति व्यवस्था बनाए रखते हुए मतगणना कार्य को सम्पन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान करें। फ्लैगमार्च के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन.2023 के मद्देनजर गड़बड़ी करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है तथा ऐसे लोगों पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अपील करते हुए कहा कि मतगणना के दौरान किसी तरह की अफ्वाह न फैलाये न फैलने देंए अफ्वाह फैलाने वाले तत्वों पर भी पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इसलिए नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की मतगणना के दौरान प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की। इस दौरान एडीएम डीपी सिंह, एडीएम (न्यायिक) सुभाष चन्द्र यादवए उपजिलाधिकारी इकौना रोहितए पुलिस क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी व पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कृत्रिम अंग मेजरमेंट कैम्प के संबंध में मंत्रणा

**● दस हजार दिव्यांगों को कैंप से जोड़ने की तैयारी**



**श्रावस्ती। भिनगा।** दिव्यांगों को कृत्रिम अंग देने के लिए 15 से 20 मई को जिले में कृत्रिम अंग मेजरमेंट कैम्प का आयोजन होगा। यह कैंप प्रत्येक विकास खंड सभागार में आयोजित होगा। कैंप में दस हजार दिव्यांगों को लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसकी समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिले में करीब बीस हजार से अधिक दिव्यांग है। उनकी कृत्रिम अंग देने के लिए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रए एलिम्को कानपुर के सहयोग के कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण देने जा रहा है। इसके लिए जिले में पंद्रह से बीस मई के मध्य एसेसमेंट कैंप का आयोजन होगा। जहां दिव्यांगों को कृत्रिम अंग फीट करने के लिए उनके अंगों की नाप होगी। इस कैंप में करीब दस हजार दिव्यांगों को सीधे तौर पर लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए डीएम नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी की समीक्षा किया। डीएम ने कहा कि कैंप प्रभारी के लिए नामित एडीओ पंचायत, खंड विकास अधिकारी व अन्य विभाग यह सुनिश्चित कर ले की उनके क्षेत्र में कोई भी दिव्यांग लाभ से वंचित न होने पाए। यहीं कहीं सभी प्रधान व ग्राम सचिव को यह शपथ पत्र भी देना होगा की अब उसके पंचायत में कोई भी दिव्यांग कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण के लिए शेष नहीं है।

इस कैंप के बाद कोई भी दिव्यांग ऐसे उपकरण के लिए भटकना नहीं चाहिए। इसके साथ ही डीएम ने सभी एसडीएम व सीएमओ को कैंप में एक अधिकारी व चिकित्सकों की टीम नामित करने का आदेश दिया हैए ताकि प्रमाण पत्र से संबंधित सभी औपचारिकताएं मौके पर ही पूरी कर दी जाए।

एसडीएम भिनगा आशुतोष, उपजिलाधिकारी जमुनहा पीके राय, सीएमओ डा. एसपी तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, रेडक्रास सोसायटी के सभापति अरूण कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित बाल विकास परियोजना अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना आज

**अंबेडकरनगर।** नगरीय निकाय चुनाव अंतिम पायदान पर पहुंच चुका है। शनिवार को सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होने के साथ परिणाम की घोषणा होगी। सातों नगरीय निकायों में चार मतगणना स्थल बनाए गए हैं। दोए चारए पांच और छह राउंड में मतों की गिनती पूरी होगी। इसमें 1,010 मतगणना कार्मिक लगाए गए हैं। सातों निकाय में 92 टेबल पर मतगणना कराई जाएगी। इसके साथ ही अध्यक्ष के सात पदों पर 100 उम्मीदवारों तथा सभासदों के 139 पद पर 845 उम्मीदवारों का चुनावी परिणाम घोषित होगा। इससे इतर निर्वाचन अधिकारी के लिए समस्त मतगणना स्थल पर एक.एक टेबल अलग लगाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और चुनाव प्रेक्षक अजयकांत सैनी ने भ्रमण कर शुचिता एवं सुरक्षा का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिन्हा ने पुलिस कर्मियों की तैनाती देखी व पुख्ता इंतजाम पर जोर देते हुए अधिकारियों को चौकन्ना किया। जिले के अग्रणी संस्थान तक्षशिला अकादमी 12वीं का परिणाम घोषित हुआए जिसमें सभी छात्र सफल रहे। संस्थान के मेधाविओं ने अपने जौहर का परचम लहराते हुए 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रिषभ श्रीवास्तव प्रथमए 96े8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्मृति दुबे द्वितीय एवं 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्वप्निल वैभव तृतीय स्थान पर रहे।

## योग से अनुशासित जीवन पद्धति का होता है विकासः विनय कुमार

**● मुविवि ने मातादीन का पूरा में लगाया योग जागरूकता शिविर**

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**राजर्षि** टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गए मातादीन का पूरा गांव स्थित नामवर इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं महिला अध्ययन केन्द्र की ओर से योग जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने कहा कि योगाभ्यास से शरीर एवं मन दोनों स्वस्थ्य होता है। योग ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करता है, जिससे हम सकारात्मक दिशा की ओर उन्मुख होते हैं।

योग से ही अनुशासित जीवन पद्धति का विकास होता है। योग प्रशिक्षक डॉ अमित कुमार सिंह ने योग के सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक दोनों स्वरूपों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत संयोजक और प्रबंधन अध्ययन विद्या शाखा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने किया। इस अवसर पर पीआरओ डा. प्रभात चन्द्र मिश्रा, डॉ मीरा पाल, डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ सत्येंद्र बाबू, डॉ अमरेंद्र कुमार यादव, सौम्या तिवारी, पृथ्वी श्री मिश्रा, श्वेता सिंह, ओम बाबू शर्मा, चंद्रशेखर एवं तमाम छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### विभिन्न कार्यक्रमों में हो सहभागिता

**प्रयागराज।** कई तरह के अवसरों पर लोगों की सहभागिता होती है। चाहे हम कितने भी बड़े क्यों न हो जाएं, हमेशा मां की जरूरत होती है। बचपन से ही हम घर पहुंचते ही अपनी मां से कुछ न कुछ मांगने के आदी हो गए हैं। भले ही हमें उस चीज के लिए उनकी जरूरत हो या ना हो। मां की बस मौजूदगी ही बहुत है। मदर्स डे के मौके पर जी टीवी के शोज भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे, मीत की आशी सिंह, रब से है दुआ की अदिति शर्मा, मैत्री के नमिश तनेजा, कुंडली भाग्य के पारस कलनावत, मैं हूं अपराजिता की श्वेता गुलाटी, प्यार का पहला नाम राधा मोहन की निहारिका रॉय और कुमकुम भाग्य के कृष्णा कौल आदि ने अपने अनुभव साझा किए।



योग प्रशिक्षक द्वारा योग सीखते बच्चे।

### संस्कृति को आगे बढ़ाने में निभाई भूमिका

**प्रयागराज।** जिस तरह से संस्कृति को आगे बढ़ाने में क्रिएटर सबसे आगे हैं, उसे मान्यता देते हुए अमेजॅन मिनी टीवी ने मेटा के बॉर्न ऑन इंस्टाग्राम प्रोग्राम के साथ साझेदारी की है। अमेजॅन शॉपिंग ऐप और फायर टीवी पर उपलब्ध अमेजॅन की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा अमेजॅन मिनी टीवी ने साझेदारी करने के लिए मेटा से हाथ मिलाया है। क्रिएटर न सिर्फ स्ट्रीमिंग सेवा के आगामी शो प्रमोट करेंगे, बल्कि कार्यक्रमों में भी नजर आएंगे। क्रिएटर एक हिस्से के तौर पर लोकप्रिय क्रिएटर्स का चुनिंदा समूह सहभागिता कर स्ट्रीमिंग सेवा के प्रमुख शो के इर्द गिर्द कंटेंट तैयार करेगा। अमेजॅन मिनी टीवी की बिजनेस हेड अरुणा दरियानानी ने कहा सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स के पास अपने लोगों से एक मजबूत जुड़ाव कायम करने की अनोखी काबिलियत मौजूद है।

